सूक्ष्म और लघु उद्यमों के डिजिटिलीकरण के लिये राजस्थान निर्यात संवर्द्धन परिषद और आरोह कंसल्टिंग के बीच करार

चर्चा में क्यों?

19 जनवरी, 2023 को राजस्थान के सूक्ष्म और लघु उद्यमों के डिजिटिलीकरण के लिये राजस्थान निर्यात संवर्द्धन परिषद और आरोह कंसल्टिंग के बीच द्विपक्षीय करार पर उद्योग भवन में आरईपीसी के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा और आरोह कंसल्टिंग की निदेशक अरुंधति मुखर्जी ने हस्ताक्षर किये।

प्रमुख बिंदु

- आरईपीसी के मुख्य कार्यकारी पी.आर शर्मा ने बताया कि द्विपक्षीय करार के अनुसार आरईपीसी और आरोह समूचे प्रदेश में एमएसएमई के लिये डिजिटिलीकरण और निर्यात सुविधा जैसे क्षेत्रों में कार्यक्रम चलाने के लिये पाठ्यक्रम और संकाय प्रदान करने पर सहयोग करने के लिये सहमत हुए हैं।
- आरोह कंसल्टिंग की संस्थापक निदेशक अरुंधति मुखर्जी ने बताया कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों को बढ़ाने, विदेशी बाज़ारों में विस्तार करने और एमएनसी के रूप में जाने जाने वाले एमएसएमई टैग को हटाने में मदद करने के लिये संस्था तत्पर रहेगी।
- आरोह कंसल्टिंग के पास अपने बाज़ारों का विस्तार करने और अपनी प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिये एमएसएमई का समर्थन करने में 7 वर्षों से अधिक का अनुभव है।
- पी.आर शर्मा ने बताया कि समझौते के एक हिस्से के रूप में, आरोह सभी आकार के एमएसएमई के डिजिटिलीकरण के लिये कम लागत वाले समाधान लाने हेतु प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ गठजोड़ करेगा। यह प्रशिक्षण के लिये एजेंडा भी विकसित करेगा और अगले 2 वर्षों में इसके लिये योग्य और अनुभवी फैकल्टी प्रदान करेगा।
- उन्होंने बताया कि आरोह विभिन्न देशों के खरीदारों और व्यापार प्रतिनिधिमंडलों के साथ समन्वय करने के लिये भारत और विश्व स्तर पर संघों के साथ काम करेगा। राजस्थान में सूक्ष्म उद्यमों द्वारा नए-पुराने आईटी उपकरणों की सुविधा और उनका उपयोग करते हुए उन्हें व्यापार प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में मदद करेगा।
- उन्होंने बताया कि इससे सूक्ष्म और लघु उद्यमों को अपने व्यवसायों को बेहतर बनाने के लिये डेटा रहित निर्णय लेने के लिये आवश्यक सभी व्यावसायिक डेटा तक पहुँच बनाने में मदद मिलेगी। इससे प्रदेश की एमएसएमई इकाईयाँ अपने उत्पादों की मांग और उपलब्धता के आधार पर देश-विदेश में कारोबार को नई दिशा दे सकेंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agreement-between-rajasthan-export-promotion-council-and-aaroh-consulting-for-digitization-of-micro-and-small-enterprises